जिला स्थापना दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पार्षद के अलावे डीएम एवं डीडीसी ने कार्यक्रम का किया उद्घाटन



बिहारशरीफ। बिहारशरीफ के टाउन हॉल में कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन, नालंदा के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्थापना दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी समारोह का शुभारंभ ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, एमएलसी रीना यादव, विधायक कौशल किशोर, जिलाधिकारी उदित सिंह और डीडीसी सारा अशरफ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान के गायन के साथ किया गया। इस अवसर पर आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र द्वारा मनमोहक स्वागत गान प्रस्तुत किया गया तथा स्वागत भाषण के उपरांत मुख्य अतिथि का संबोधन हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने नालंदा जिले के अब तक के विकास यात्रा, उपलब्धियों और जिला स्थापना दिवस के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने जिले को और अधिक प्रगति के पथ पर ले जाने के अपने विचारों को साझा किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में राष्ट्रगीत 'बिहार राज्य गीत' के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर एडीएम राजीव रंजन कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता विभागीय जांच रंजन कुमारी चौधरी एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

चोरों ने घर से नगद-जेवरात सहित लाखों की संपत्ति चुराई

एकंगरसराय (नालंदा) (आससे)। तेल्हाड़ा थाने के समीप एक मकान से 90 हजार रुपये नगद और लाखों के जेवरात की चोरी हो गई, लेकिन गृहस्वामी को भनक तक नहीं लगी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार की रात तेल्हाड़ा थाना समीप स्थित उमेश प्रसाद के घर से 90 हजार नगद और करीब लाखों के जेवर चोरी हुए।

गृहस्वामी उमेश प्रसाद ने बताया कि शनिवार को करीब 09 बजे होटल से खाना खाकर घर आकर सो गए। रविवार की सुबह उठने पर देखा कि बाहर अलमारी एवं अन्य सामान बिखरे पड़े हैं। पीड़ित गृहस्वामी उमेश प्रसाद ने बताया कि उनकी पत्नी चंडी ब्लॉक में आंगनबाड़ी में पर्यवेक्षिका हैं। बेटा पटना में रहकर पढ़ता है। रविवार को सुबह उठा तब देखा पीछे बक्सा फेंका हुआ था। उन्होंने बताया कि सोने के कई गहने जो लाखों में थे और 90 हजार रुपये नगद चोरी हुए। सूचना मिलते ही तेल्हाड़ा थानाध्यक्ष अजीत कुमार टिंकू ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ आवेदन थाने को दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

वाट्सएप अकाउंट को हैक कर ठगी करने वाले दो शातिर धराये

बिहारशरीफ। कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए लोगों के व्हाट्सएप अकाउंट को हैक कर ऑनलाइन ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का साइबर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने अस्थावां थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव में छापेमारी कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से ठगी में इस्तेमाल किए जाने वाले चार टचस्क्रीन मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फिरोजपुर गांव निवासी 30 वर्षीय कमलेश कुमार और 22 वर्षीय धीरज कुमार के रूप में की गई है। साइबर डीएसपी ऋषभ आनंद ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध मोबाइल नंबरों के इनपुट के आधार पर पुलिस इस गिरोह की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही थी। तकनीकी जांच और सर्विलांस की मदद से आखिरकार दोनों आरोपियों को धर दबोचा गया। पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी ठगी के लिए कॉल फॉरवर्डिंग तकनीक का गलत इस्तेमाल कर पीड़ित के मोबाइल पर आने वाली इनकमिंग कॉल्स को अपने नंबर पर डायवर्ट कर लेते थे। इसके बाद वे आसानी से व्हाट्सएप अकाउंट का नियंत्रण अपने हाथ में ले लेते थे। एक बार व्हाट्सएप पर कब्जा होने के बाद वे पीड़ित के फोन में मौजूद रिश्तेदारों और दोस्तों के संपर्कों को निशाना बनाते थे। भरोसे में आकर कई लोग उनके द्वारा दिए गए बैंक खातों या डिजिटल वॉलेट में पैसे ट्रांसफर कर देते थे। इस तरह यह गिरोह लोगों के साथ धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था। इस मामले में गत 6 नवंबर को नालंदा साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

हथियार एवं कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

करायपरशुराय (नालंदा) (संसू)। गुप्त सूचना के आधार पर करायपरसुराय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के पकड़ी गाँव में छापामारी कर एक देशी कट्टा तथा 15 जीवित कारतूस के साथ एक युवक को धर दबोचा। हिलसा डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

डीएसपी ने बताया कि 7 नवंबर की शाम को करायपरसुराय थानाध्यक्ष सुशील कुमार पासवान को गुप्त सूचना मिली की स्थानीय थाना क्षेत्र के पकड़ी गाँव निवासी अखिलेश कुमार का पुत्र आशुतोष कुमार अपने घर में देशी कट्टा तथा कारतूस छिपाकर रखे हुए है। इसका सत्यापन कराया गया, इसके बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में अवर निरीक्षक रामेन्द्र यादव समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल की टीम गठित की गई। इसके पश्चात पकड़ी गाँव स्थित उसके घर की घेराबंदी कर छापामारी की गई।घर की तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा तथा 315 बोर के जिंदा कारतूस के साथ आशुतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया। कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जादू-टोना के अंधविश्वास में गई एक जान

सरमेरा के प्रणावां गांव में लाठी-डंडे से पीटकर युवक की हत्या

बिहारशरीफ। सरमेरा थाना क्षेत्र के प्रणावां गांव में जादू-टोने के अंधविश्वास में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां लाठी-डंडे से पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गई। सदर डीएसपी-1 अमरनाथ ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी जवाहर मांझी की भाभी के प्रसव के बाद बार-बार बच्चों की मौत हो रही थी। इसी बात को लेकर आरोपी के मन में यह अंधविश्वास बैठ गया था कि मृतक समटु मांझी का परिवार जादू-टोना करता है, जिसके कारण बच्चों की जान जा रही है। इसी शक और रंजिश के चलते आरोपी मृतक से दुश्मनी रखने लगा था। घटना की रात जब आरोपी कहीं जा रहा था, तब मृतक समटु मांझी ने उससे पूछ लिया कि वह कहां जा रहा है, जिसके बाद आरोपी ने लाठी-डंडे से समटु मांझी पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में परिजन उन्हें इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक की पत्नी के फर्दबयान के आधार पर सरमेरा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी, जिसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी जवाहर मांझी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल लाठी और एक रेडमी स्मार्टफोन भी जब्त कर लिया गया।

करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

हिलसा (नालंदा) (आससे)। हिलसा थाना क्षेत्र के रेडी गांव में खेत में बिछाए गए बिजली के तार की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई,जबकि उन्हें बचाने पहुंचे उनके पुत्र समेत दो लोग करंट लगने से झुलस गए। घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई।मृतक की पहचान रेडी गांव निवासी स्वर्गीय श्रीपति सिंह के 68 वर्षीय पुत्र केसरी प्रसाद के रूप में की गई है। मृतक के पुत्र मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि हमारे खेत के पास ही गांव के ही खेत के मालिक ने धान की कटाई के बाद खेत में बचे पुआल को जानवरों से बचाने के लिए बिजली का तार बिछा रखा था। इसकी जानकारी आसपास के लोगों को नहीं दी गई थी। सोमवार कि सुबह पिता जब खेत देखने जा रहे थे। इसी दौरान वे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए और मौके पर ही गिर पड़े। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उनकी तलाश में खेत पहुंचे। वहां पिता को जमीन पर गिरा देख पुत्र उन्हें उठाने के लिए आगे बढ़ा, तभी वह भी करंट की चपेट में आ गया।

पशुपालकों ने मवेशियों की पूजा कर धूमधाम से की गोवर्धन पूजा

हरनौत (नालंदा) (संसू)। प्रखंड के विभिन्न गांवों में सोमवार को गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई गई। पशुपालकों ने भैंस और अन्य मवेशियों को नहलाकर, नई रस्सी और गर्दानी पहनाकर उनकी विधि-विधान से पूजा की। मान्यता है कि मवेशियों की पूजा से घर में सुख-समृद्धि आती है। बस्ती, नेहुसा बिगहा, पोरई, सबनहुआडीह, चेरो, सागरपर, बलवापर, खरथुआ, नर्चवार, बराह, मुढ़ारी, निमाकोल, भोजपुर, गंगा बिगहा सहित अन्य गांवों में खासकर यादव समाज और पशुपालकों ने इस दिन को विशेष उत्सव के रूप में मनाया। लोगों ने सुबह अपने मवेशियों को स्नान कराकर आकर्षक तरीके से सजाया, उनके सींगों पर तेल व रंग लगाया और धूप-दीप दिखाकर आरती उतारी।

वहीं, नेहुसा बिगहा गांव के पशुपालक जितेंद्र कुमार सहित अन्य पशुपालकों ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की थी। तभी से गोवर्धन पूजा और मवेशियों की पूजा की परंपरा चली आ रही है। इस मौके पर सलोनी कुमारी, सुभाष कुमार, चंदन कुमार, रवि रंजन प्रसाद, गोरेलाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

राजगीर में धूमधाम से मनाया गया गोपाष्टमी महोत्सव

● गाय का दूध इंसान को ताकत और अमृत के समान ऊर्जा प्रदान करता है : विजेंद्र यादव ● गोपाष्टमी महोत्सव सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि प्राकृतिक संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है : श्रवण कुमार

राजगीर (नालंदा) (आससे)। राजगीर के जापानी मंदिर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर गायघाट के प्रांगण में कला एवं संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन नालंदा के संयुक्त तत्वावधान में गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस महोत्सव का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजेंद्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि गाय का दूध इंसान को ताकत और अमृत के समान ऊर्जा प्रदान करता है, वहीं इसका गोबर खेतों में अच्छी फसल पैदावार के लिए जैविक खाद का काम करता है। यह दोनों हमारे जीवन में अत्यधिक उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि यह किसानों का देश है और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी समाजों व वर्गों की धार्मिक संस्कृति और परंपराओं को एकसाथ जोड़कर आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया है। बिहार का गौरवशाली इतिहास वीर योद्धाओं से भरा है, इसलिए मनुष्य को सभी धर्मों के प्रति आस्था और विश्वास रखनी चाहिए।



मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि आज बिहार काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है और नालंदा जिला अपनी स्थापना के 54 वर्ष पूरे कर 55वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। आज राजग. ीर में सालभर में चार बड़े महोत्सव मनाए जाते हैं, जबकि पूरे बिहार में लगभग 300 महोत्सव आयोजित होते हैं। उन्होंने कहा कि गोपाष्टमी महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्राकृतिक संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और गोवर्धन पूजा की परंपरा से जुड़ा आध्यात्मिक प्रसंग है।

भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों और जीव-जंत. ओं की रक्षा की थी। मंत्री ने आगे कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण को प्रकृति से प्रेम था, उसी प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान के माध्यम से पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के प्रयासों से ही आज बिहार में सभी धार्मिक संस्कृति और सभ्यताएं संरक्षित हैं और ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा व प्रेम भाव बढ़ता है। विधान पार्षद रीना यादव ने कहा कि यह पूजा किसी एक वर्ग के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए है और हमें जल-जीवन-हरियाली के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर काम करना चाहिए। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विधायक कौशल किशोर ने किया, जबकि इस दौरान नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

इस महोत्सव में नगर अध्यक्ष जीरो देवी, सिलाव की नगर अध्यक्ष जयालक्ष्मी, उपाध्यक्ष मुन्नी देवी, नगर परिषद के वरीय वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, वार्ड पार्षद मीरा देवी, वार्ड पार्षद श्याम देव राजवंशी, राजू यादव, पूर्व पार्षद एवं सामाजिक कार्यकर्ता इंद्र मोहन सिंह निराला, वार्ड पार्षद महेंद्र यादव, श्याम किशोर भारती, सरवन यादव, गोलू यादव, अजय यादव, अनुपम कुमार, सूरज यादव, कुश यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम और अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी के अलावा काफी संख्या में प्रबुद्ध लोग शामिल हुए।

मंत्री ने आपदा पीड़ित परिवारों के बीच वितरित किये सहायता राशि के चेक

राजगीर (नालंदा) (आससे)। ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने राजग. ीर प्रखंड के विभिन्न गांवों के लोगों के बीच आपदा व पारिवारिक लाभ के तहत मिलने वाली राशि के चेक वितरित किए। उन्होंने पिलखी निवासी धर्मशीला देवी को उनके पति स्व. राजेश चौधरी की पानी में डूबने से हुई मृत्यु के एवज में चार लाख रुपये का चेक सौंपा।

वहीं, गंजपर निवासी चंचु देवी को उनके पति स्व. सुजीत कुमार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना का चेक दिया गया। इसके अलावा, गांधी टोला की गिरजा देवी को उनके पति स्व. ज्वाला दास की पेंट करते समय झूले से गिरकर हुई मृत्यु, मोरा निवासी सुनैना देवी को उनके पति स्व. दीपलाल तांती की करंट लगने से हुई मृत्यु, पिलखी निवासी रघुनी चौधरी को उनकी पत्नी स्व. सावित्री देवी की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु तथा लहुआर निवासी उषा देवी को उनके पति कारू मांझी की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के कारण पारिवारिक लाभ का चेक दिया गया।

चांदी के रथ पर निकाली गयी भगवान महावीर की यात्रा

गिरियक (नालंदा) (संसू)। चांदी का रथ, उस पर विराजमान भगवान महावीर की मनोहारी प्रतिमा और आगे-पीछे श्रद्धा में डूबे श्रद्धालुओं का कारवां। रास्ते भर गूं. जते जयघोष और भक्ति में लीन श्रद्धालु 2552वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव पर सोमवार को पावापुरी में आस्था का ऐसा ही विहंगम दृश्य देखने को मिला। रथ यात्राओं ने निर्वाण भूमि की धार्मिक परंपरा और आध्यात्मिक महत्ता को जीवंत कर दिया।

सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। जैन श्वेतांबर मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। आकर्षक ढंग से सुसज्जित चांदी के रथ पर भगवान को विराजमान किया गया। इसके बाद श्रद्धालु



'त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की' के जयघोष के साथ जल मंदिर की ओर रवाना हुए। जल मंदिर पहुंचने पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि और विश्व शांति की कामना की।

पूजा के बाद रथ यात्रा वापस श्वेतांबर मंदिर पहुंची। श्वेतांबर मंदिर के सचिव शांतिलाल बोथरा ने बताया कि निर्वाण महोत्सव पर रथ यात्रा निकालना धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

पांडुक शिला पहुंची दिगंबर समाज की यात्रा: दिगंबर मंदिर से भी अहले सुबह भगवान महावीर की रथ यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ पांडुक शिला पहुंचे। वहां धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद यात्रा पुन: दिग. बर मंदिर लौट आई। वहीं, समवशरण मंदिर की रथ यात्रा रविवार को निक. ाली गई थी। नया मंदिर होते हुए श्रद्धालु समवशरण मंदिर पहुंचे थे। तीनों मंदिरों की धार्मिक परंपराओं से पावापुरी में निर्वाण महोत्सव की रौनक और बढ़ गई। रथ यात्राओं के माध्यम से भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के संदेश का स्मरण किया गया। श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंजती निर्वाण स्थली में भक्ति और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम देखने को मिला।

दुर्गा पूजा मेले से गायब हुई नाबालिग लड़की को पुलिस ने प्रेमी के साथ दबोचा

कतरीसराय (नालंदा) (संसू)। कतरीसराय थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा का मेला घूमने आई शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत पांची गांव निवासी एक नाबालिग लड़की प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। इस मामले में नाबालिग के पिता द्वारा कतरीसराय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 15 दिनों के भीतर नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया, साथ ही आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले के अनुसंधान की जिम्मेदारी एसआई धर्मेंद्र कुमार को सौंपी गई थी। तकनीकी एवं मानवीय जांच के आधार पर आरा. `पी युवक की पहचान नवादा जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर गांव निवासी दिलीप तांती के पुत्र रोहित कुमार के रूप में की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार किया तथा नाबा. लिग लड़की को भी बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से नाबालिग लड़की को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया, जबकि आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

देवीसराय बीज व्यवसायी लूटकांड में लूटे गये सोना-चांदी के आभूषण बरामद

पुलिस ने दो आरोपियों को रिमांड पर लेकर की पूछताछ और उसकी निशानदेही पर हुई बरामदगी

बिहारशरीफ। दीपनगर थाना क्षेत्र के देवीसराय में बीज कारोबारी के घर हुई डकैती कांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। न्यायालय में आत्मसमर्पण करने वाले दो आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद पुलिस ने उनकी निशानदेही पर लूटे गए सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। सदर डीएसपी-1 अमरनाथ ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गत 3 अगस्त 2026 की रात करीब एक बजे देवीसराय निवासी बीज कारोबारी राजीव रंजन के घर में 10 से 12 हथियारबंद अपराधी घुस आए थे। अपराधियों ने परिवार को बंधक बनाकर करीब सवा करोड़ रुपये की संपत्ति लूट ली थी। पुलिस की लगातार दबिश के कारण इस कांड में शामिल दो आरोपियों-श्यामनगर निवासी धर्मेंद्र कुमार उर्फ मल्ली और पहाड़पुरा निवासी राइडर उर्फ शैलेन्द्र उर्फ सत्या ने गत 10 सितंबर 2026 को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय से अनुमति लेकर दोनों आरो. पियों को रिमांड पर लिया और कड़ाई से पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर लूटे गए आभूषणों में से सोने का एक डिजाइनर बाला और चांदी के दो दुर्लभ सिक्के बरामद किए गए। बरामद सिक्कों में एक अंडाकार और दूसरा गोलाकार है, जिन पर महारानी विक्टोरिया की तस्वीर उकेरी गई है। पुलिस इस डकैती में शामिल अन्य फरार अपराधियों की धरपकड़ और बाकी बचे लूटे गए सामान की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

कपड़ा दुकान में लगी आग में लाखों की सामग्री जलकर राख

हरनौत (नालंदा) (संसू)। तेलमर थाना क्षेत्र के तेलमर बाजार के विजय सिंह की कपड़ा दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने की इस घटना में दुकान में रखे महिलाओं के कपड़े, पुरुषों के कपड़े, बच्चों के कपड़े, घर के कपड़े, शादी-ब्याह वाला कपड़ा सहित भवन का स्ट्रक्चर जलने से करीब पच्चीस लाख रुपये की क्षति हुई है। आगलगी की इस घटना में दुकान के अंदर रखे साड़ी, सलवार सूट, कुर्ती का कपड़ा, ब्लाउज का कपड़ा, पेटीकोट, दुपट्टा, चुनरी, लहंगा, पैंट-शर्ट-कुर्ता-पजामा का कपड़ा, धोती, गमछा, लुंगी, जींस, फ्रॉक, पैंट-शर्ट, स्कूल ड्रेस का कपड़ा, बेडशीट, तकिया कवर, तौलिया, कंबल, रजाई का कपड़ा, मच्छरदानी का कपड़ा, पर्दा का कपड़ा आदि सभी सामान जलकर राख हो गए। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी दुकान आग की लपटों में घिर गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की दमकल टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल टीम के समय पर पहुंचने से आसपास की अन्य दुकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। आग लगने का सटीक कारण अभी तक मालूम नहीं हो पाया है।

खंधा से अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद

बरबीघा (शेखपुरा) (आससे)। बरबीघा नगर परिषद क्षेत्र के रामपुर सिंडाय गांव स्थित पूर्वी खंधा में एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही बरबीघा और मिशन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। शव की स्थिति इतनी खराब थी कि उससे निकल रही तेज दुर्गंध के कारण आम लोगों का मौके पर पहुंचना मुश्किल हो रहा था। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।इधर जानकारी मिली कि उक्त घटना स्थल पर एक किसान रवी फसल कि बुआई को लेकर खेत जूतायी के लिए वहाँ गया था, तभी तेज आ रही दुर्गंध ने किसान को परेशान किया। किसान जब दुर्गंध के कारणों का तलाश किया तो पाया कि किसी अज्ञात कि लाश से दुर्गंध का बदबू आ रहा है। इसके बाद किसान के हल्ला करने के साथ यह समाचार क्षेत्र में जंगल कि आग कि तरह फैल गया। बरबीघा थानाध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव करीब दो सप्ताह पुराना प्रतीत हो रहा है। शव का एक अंग कीड़े-मकोड़ों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। वहीं, सिर में भी कीड़े पड़े हुए हैं। फिलहाल मृतक की पहचान से संबंधित कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक में सम्राट जरासंध जन्मोत्सव को सफल बनाने का आह्वान

बिहारशरीफ। आगामी 28 नवंबर 2026 को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित होने वाली मगध सम्राट जरासंध महाराज जन्मोत्सव सह स्वाभिमान रैली की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी बिहार शरीफ सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक करते हुए नालंदा से कम से कम 25 हजार कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस भव्य आयोजन में बिहार सरकार के कई मंत्रियों के साथ-साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के शामिल होने की भी संभावना है। बैठक में सामा. जिक-राजनीतिक हिस्सेदारी तथा राजगीर स्थित नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम का नाम महाराज जरासंध के नाम पर रखने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि चंद्रवंशी एवं अति पिछड़ा समाज सर्वाधिक आबादी के बावजूद लोकतांत्रिक व्यवस्था में एकजुटता के अभाव में अपनी उचित हिस्सेदारी से वंचित है। इस स्वाभिमान रैली के जरिए समाज की एकजुटता और गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

भाजपा नेता संतोष चंद्रवंशी ने कहा कि मगध साम्राज्य के संस्थापक महाराज जरासंध के समृद्ध इतिहास को याद करते हुए आज समाज को चिंतन-मंथन करने की अत्यंत आवश्यकता है। इस अवसर पर संतोष भारती, अभिमन्यु सिंह चंद्रवंशी, विक्की चंद्रवंशी, निशांत कुमार चंद्रवंशी, गणेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, शीतल चंद्रवंशी, भी कुमार, अरविंद पटेल, डॉक्टर आशुतोष कुमार, प्रतीक राज, रजनीश कुमार और परमानंद चंद्रवंशी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

हिरण्य पर्वत पर भगवान श्री राम की लगेगी भव्य प्रतिमा

प्रतिमा स्थल का विधायक डॉ. सुनील कुमार ने किया निरीक्षण

बिहारशरीफ। बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक हिरण्य पर्वत का समग्र विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। गौरतलब है कि वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए डॉ. सुनील कुमार ने 4 मई 2025 को इस परियोजना की आधारशिला रखी थी। निरीक्षण के दौरान विधायक ने हिरण्य



गया है। स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार ने हिरण्य पर्वत पहुंचकर स्थल अवलोकन किया और इसे पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए विभिन्न विकास योजनाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर हिरण्य पर्वत पर भगवान श्री राम की विशाल प्रतिमा स्थापित करने के लिए स्थल का सीमांकन व विचार-विमर्श किया पर्वत स्थित प्रसिद्ध हिरण्येश्वर धाम मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

हिरण्य पर्वत को बेहतर पर्यटन स्थल और जनसुविधा केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से नालंदा के डीएफओ राजकुमार एम. सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। योजना के तहत परिसर में जिम, पेयजल टैंक, सुलभ शौचालय, यात्री विश्राम गृह और विभिन्न नवीन विकासात्मक सुविधाओं का निर्माण कराया जाएगा।

इस दौरान भाजपा जिला मंत्री अमरेश कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद भेषनाथ प्रसाद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रोहित कुमार, विकास कुमार विक्की, शशि कुमार, आलोक कुमार, राजेश कुमार, अनोज कुमार, संजय कुमार कुशवाहा, भाजपा आईटी सेल सह-संयोजक आलोक रंजन, नागेश कुमार निर्मल, रामबली प्रसाद, नेपाली प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।